अर्धवार्षिक परीक्षा 2022–2023
कक्षा – 7 वीं
विषय – हिन्दी

समय : 2 घंटे | पूर्णांक : 100

प्र.1 नीचे दिए पद्यांशों की प्रसंग सहित अर्थ लिखो : (कोई–1) 5

क) पाही जब तोर बटोरे धन, भारत बन जाही नंदनवन।
पही बन तोर विसुद्ध ज्ञान, भारत बनही जग मा महान।
तज दे आलस, कर श्रम कठोर, पिछवा जाबे अब झन अगोर।

ख) मैं सिखलाता हूं कि जिओ और जीने दो संसार को,
जितना ज्यादा बांटा जा सके, तुम बांटों अपने प्यार को,
हंसो इस तरह, हंसे तुम्हारे साथ दलित यह धूल भी,
चलो इस तरह कुचल न जाए पग से कोई फूल भी,
सुख न तुम्हारा सुख, केवल जग का भी इसमें भाग है,
फूल डाल का पीछे, पहले उपवन का श्रृंगार हैं।
कोई नहीं पराया, मेरा घर सारा संसार है।।

प्र.2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 30

1) कवि ह नवजवान मन ले कड़ा मिहनत करे बर काबर कहत हे ?
2) कवि को मानवता पर अभिमान क्यों है ?
3) सुभाषचंद्र बोस ने किस पुस्तक की रचना की और उसका विषय क्या है ?
4) झोपड़ी के समीप पहुंचते ही वह दिव्यांग भिखारिन किसे अपने हृदय से लगा लेती थी और क्यों ?
5) डॉ. कलाम को कौन सी घटना जीवन भर याद रही ?
6) कवि देश के नवजवान मन ले का मांगत हे ?
7) भारतीय छात्रों को डॉ. कलाम ने क्या संदेश दिया ?
8) विश्व में शोक की लहर क्यों दौड़ गई ?
9) शिक्षा के क्षेत्र म ठाकुर साहेब के का योगदान रहिस ?
10) सुभाषचंद्र बोस ने जेलों को तीर्थस्थल क्यों कहा है ?

प्र.3 अ) विलोम शब्द लिखो : 19

अधीनता, निर्माण, वीरता, सम्मुख, अंत

ब) समानार्थी शब्द लिखो :
स्मरण, चेष्टा, अभिप्राय, सहयोग, उद्यान

स) दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो :
तलवार, प्रभात, सिंधु, अंबर, घर

द) निम्न शब्दों के तद्भव रूप लिखो :
ओष्ठ, दधि, स्वर्ण, भिक्षा

प्र.4अ) शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखो : 15

1) जिसका कोई पार न हो – 2) रास्ता चलने वाला –
3) जो सत्य बोलता हो – 4) बीता हुआ समय –
5) जो ईश्वर को न मानता हो –

ब) मुहावरों के अर्थ लिख कर वाक्यों में प्रयोग करो :
शोक की लहर दौड़ना, आंखे गड़ाना, मन मोह लेना,
हाथ पैर ठंडे पड़ना, अपना उल्लू सीधा करना

स) निम्न शब्दों में प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाओ :
लज्जा, प्रति, मूरली, लिख, शक्ति

प्र.5 अ) रस की परिभाषा व उसके प्रकारों को स्थायी भाव सहित लिखो : 10

ब) सर्वनाम की परिभाषा व उसके प्रकारों को उदाहरण सहित लिखो :

प्र.6 अ)समास विग्रह करके समास का नाम लिखो : (कोई–5) 10
रामलक्ष्मण, त्रिभुवन, नीलगगन, गिरिधर, राजबंदी, आजीवन

ब) संधि विच्छेद करके संधि का नाम लिखो : (कोई–5)
स्वागत, तल्लीन, निश्चल, परमार्थ, षडानन, निष्कपट

प्र.7 अपने प्रधान पाठक को शुल्क माफ करने हेतु आवदेन पत्र लिखो। 5

अथवा

अपने मित्र को पत्र लिखिए, जिसमें अपनी पढ़ाई का वर्णन हो।

प्र.8 निबन्ध लिखिए (कोई–1) 6
स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय पर्व, विज्ञान के चमत्कार

.....0000....

www.evidyarthi.in